# सुराज के लिए मोदी कप की हकदार मुख्यमंत्री श्रीमती राजे — केन्द्रीय मंत्री

झालावाड़/जयपुर 24 जनवरी। केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री अनन्त कुमार ने कहा है कि देश में सुराज के लिए मोदी कप की हकदार राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह किक्रेट में प्रथम विजेता को राजमाता ट्राफी देकर पुरस्कृत किया जायेगा, उसी तरह जो विकास और सुशासन में जीतेगा उनको 'नरेन्द्र मोदी कप' मिलेगा। यदि पूरे भारत वर्ष के सभी प्रदेशों में सुशासन और विकास के लिए किसी को मोदी कप दिया जाए, तो उसकी हकदार मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे हैं। केन्द्रीय मंत्री अनन्त कुमार मंगलवार को श्रीमती राजे की मौजूदगी में झालावाड़ के राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल संकुल में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 1126 करोड़ के विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण किये गये।

केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री ने कहा कि राजस्थान में सुराज व सुशासन के तीन साल पूरे हुए हैं। इस दौरान जो कल्याणकारी योजनाओं का सूत्रपात किया गया है उससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने राज्य की भामाशाह योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बिना किसी मध्यस्त के सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत पैसा लाभार्थी के खाते में जमा हो रहा है।

## राजश्री योजना के राजदूत बनेंगे श्री अन्नत कुमार

केन्द्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री राजश्री योजना को देश भर में अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि वे इस योजना का राजदूत बनकर हर राज्य में इसकी जानकारी देंगे और इसका प्रचार–प्रसार करेंगे ताकि इस योजना को वहां भी अपनाया जा सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने फ्लेगशिप योजनाओं के माध्यम से विकास की गति को बढ़ाया है, जिससे राजस्थान बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आया है।

## अन्नपूर्णा भण्डार पर मिलेंगी दवाईयां भी

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अन्नपूर्णा योजना गांव व गरीबों के लिए वरदान है। केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत जैनरिक दवाओं की पहुंच आमजन तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार के साथ अतिशीघ्र एमओयू करेगी। इसके बाद अन्नपूर्णा भण्डार को ढाई लाख रूपये दिये जायेंगे। जिससे अन्नपूर्णा भण्डार 600 प्रकार की जैनरिक दवाइयां रख सकेगा। इस योजना का लाभ ग्रामीणों को होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्रीमती राजे ने कहा कि आमजन की भागीदारी से विकास में कीर्तिमान स्थापित किए है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाई है और उनकी बेहतर तरीके से क्रियान्विति की है। इन तीन सालों में उनकी सरकार ने सुराज की कल्पना को साकार किया और हर गांव, हर ढ़ाणी, हर व्यक्ति तक विकास पहुचाने का प्रयास किया। उन्होंने सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं के द्वारा आमजन को मिले लाभ की चर्चा करते हुए कहा कि देश भर में राज्य की योजनाओं की प्रशंसा की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर राजस्थान के नवनिर्माण के लिए जिस सोच के साथ कार्य कर रहे हैं उससे राज्य में निश्चित ही विकास की गंगा और अधिक तेज गति से बहेगी। उन्होंने समारोह में सौगातों की झड़ी लगाते हुए कहा कि परवन सिंचाई परियोजना का कार्य भी मार्च तक शुरू कर दिया जायेगा। परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर कर लिया गया है। बरसों से चली आ रही इस मांग के पूरा होने से

कोटा, झालावाड एवं बारां जिलों के किसान लाभान्वित होंगे। समारोह में राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल मैच में विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित भी किया।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि झालावाड मेडिकल कॉलेज को इंस्टीट्यूट में क्रमोन्नत करने हेतु सरकार ब्लू प्रिंट तैयार करें, बजट की कमी नहीं आने दी जायेगी। आने वाले दो साल में सभी कार्य पूर्ण किये जायेंगे। उन्होंने राज्य के चितौडगढ जिले में सिंगल सुपरफास्फेट का प्लांट लगाये जाने, गढेपान में 13 लाख मैट्रिक टन उत्पादन क्षमता के एक और यूरिट प्लांट की स्थापना करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि राज्य के कारखानों को समय पर रसायन मिले इसके लिए फोरेंसिस सेन्टर देने के लिए भी केन्द्र सरकार तैयार है। इसके लिए 100 करोड रूपये का बजट भी उपलब्ध कराकर शीघ्र कार्य शुरू किया जायेगा।

***इन विकास कार्यों का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण***

| लोकार्पण / शुभारंभ | | **लागत रुपये में** |
|---|---|---|
| 1. | राज्य होटल प्रबंध संस्थान, उदयपुर का शुभारंभ | 5.57 करोड़ |
| 2. | एसडीओ कार्यालय एवं तहसील भवन असनावर | 1.75 करोड़ |
| 3. | सुलिया सुनेल पिडावा सड़क के पुनरुद्धार कार्य | 81.81 करोड़ |
| 4. | सांख्यिकी भवन | 0.30 करोड़ |
| 5. | आहू नदी एवं कालीसिंध के जल ग्रहण क्षेत्र में निर्मित 8 एनीकट क्रमशः गिरधरपुरा, पीपलिया, उरमाल, सामरिया, लालगांव खामनी, सांखली, धनवास एवं लालजी का खेडा | 24.54 करोड़ |
| 6. | 9 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के भवन | 3.40 करोड़ |
| 7. | अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ में सेन्ट्रल लाइब्रेरी, कम्प्यूटर सेन्टर, जिम्नेजियम, सिविल अभियांत्रिकी एवं इलेक्ट्रिक अभियांत्रिकी विभाग के भवन | 9.98 करोड़ |
| 8. | नौलक्खा किला स्मृति वन, झालरापाटन | 1.13 करोड़ |
| 9. | 132 केवी जीएसएस रूपारेल | 14.74 करोड़ |
| 10. | शहरी स्वास्थ्य केन्द्र धनवाड़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झा.पाटन एवं पिड़ावा, कोल्ड चेन निर्माण | 2.10 करोड़ |
| ***शिलान्यास*** | | |
| 1. | राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (नाईपर) भवन | 500 करोड़ |
| 2. | राज्य होटल प्रबन्ध संस्थान भवन, झालावाड़ | 13.28 करोड़ |
| 3. | खाद्य कला संस्थान भवन, धौलपुर | 6.45 करोड़ |
| 4. | राज्य होटल प्रबन्ध संस्थान भवन, सवाईमाधोपुर | 13.35 करोड़ |
| 5. | खाद्य कला संस्थान भवन, बारां | 6.45 करोड़ |
| 6. | 69 ग्रामीण गौरव पथ कार्य | 41.40 करोड़ |
| 7. | 33 मीसिंग लिंक सड़क कार्य | 57.82 करोड़ |
| 8. | 28 नॉन पेचेबल सड़क कार्य | 34.74 करोड़ |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | झालरापाटन, पिड़ावा, भवानीमण्डी, अकलेरा में शहरी गौरव पथ कार्य | 10 करोड़ |
| 10. | राजकीय महाविद्यालय भवन मनोहरथाना | 6 करोड़ |
| 11. | एनएच–12 पर चारलेन सीमेन्ट कंकरीट, नाली, फुटपाथ एवं अन्य सुरक्षा कार्य (4.2 किमी) | 80.69 करोड़ |
| 12. | गांवडी तालाब के किनारे पाथ–वे | 7.95 करोड़ |
| 13. | मेडिकल कॉलेज, झालावाड़ में पीजी हॉस्टल | 17.30 करोड़ |
| 14. | रोशनबाडी एवं गुराडिया लघु सिंचाई परियोजना | 166.69 करोड़ |
| 15. | गोविन्दपुरा एनीकट | 6.22 करोड़ |
| 16. | 15 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के भवन | 6.92 करोड़ |
| 17. | संत पीपाजी पेनोरमा | 2.98 करोड़ |
| 18. | पंचायत समिति भवन, भवानीमंडी | 2.80 करोड़ |
| | **कुल** | **1126.37 करोड़** |

श्रीमती राजे और श्री अनन्त कुमार ने समारोह में सुराज प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित ''जिला विकास पुस्तिका'' का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण एवं परिवहन मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री श्री यूनूस खान, खाद्य मंत्री श्री बाबू लाल वर्मा, सांसद श्री दुष्यंत सिंह, श्री सुखबीर सिंह जोनपुरिया, श्री अर्जुन लाल मीणा एवं डॉ. मनोज राजोरिया, संसदीय सचिव श्री नरेन्द्र नागर, जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष श्री श्रीकृष्ण पाटीदार, राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री औंकार सिंह लखावत, जिला प्रमुख श्रीमती टीना कुमारी भील सहित विधायकगण, गणमान्य नागरिक एवं अपार जनसमूह उपस्थित थे।

– – – – – –